भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3176
सोमवार, 15 मार्च, 2021/24 फाल्गुन, 1942 (शक)

दरभंगा में आदर्श करियर केन्द्र

3176. श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को बिहार सरकार से दरभंगा, बिहार में आदर्श करियर केंद्र की स्थापना हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) क्या सरकार का विचार दरभंगा में आदर्श करियर केन्द्र स्थापित करने का है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): सरकार (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय) राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। एनसीएस परियोजना के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान कराने के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना वाले आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना हेतु निधियां प्रदान की जाती हैं। सरकार ने दरभंगा सहित बिहार में ग्यारह एमसीसी की स्थापना की संस्वीकृति प्रदान की है।

*****